वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालीघाट, कोलकाता में बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक लोगों को तेजी से पहुंचाने का काम कर रही हैं। ...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापतिः आदित्य जी, आपका समय खत्म हुआ, अब आप समाप्त करें।

श्री आदित्य प्रसादः एक मिनट, सर।

श्री उपसभापतिः नहीं, अब आप समाप्त करें।

श्री आदित्य प्रसादः माननीय उपसभापति महोदय, 10 वर्ष पहले कांग्रेस के समय में झारखंड का रेल बजट आवंटन मात्र 450 करोड़ रुपये था, लेकिन आज वह बढ़कर 7,300 करोड़ से ज्यादा हो गया है। झारखंड के विकास के लिए किए गए निवेश में पिछली सरकार से 16 गुना वृद्धि है, इसलिए मैं अंतर मन से और पूरे झारखंड वासियों की तरफ से गांव, गरीब के बेटे आदरणीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय रेलवे मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं कि झारखंड को विशेष तोहफा दिया है और झारखंड को आशीर्वाद दिया है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः मैं माननीय मंत्री जी को रिप्लाई के लिए निमंत्रित करूं, इसके पहले दो अनाउंसमेंट हैं।

PANEL OF VICE-CHAIRPERSONS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, I have to inform Members that the Panel of Vice-Chairpersons has been re-constituted with the following Members:-

1. Ms. Indu Bala Goswami
2. Shrimati Kiran Choudhry
3. Shrimati Sangeeta Yadav
4. Shrimati Sunetra Ajit Pawar
5. Shri S Niranjan Reddy
6. Shri Ghanshyam Tiwari
7. Shri Rajeev Shukla
8. Shri P. Wilson